बच्चों में हाइजीन व स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु टाबर सोसायटी के साथ एमओयू

चर्चा में क्यों

6 दिसिंबर, 2021 को राजस्थान शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक डॉ. भँवरलाल व रेकिट बेनकाइजर प्राइवेट लिमिटेड की प्रतिनिधि संस्था अतरू टाबर सोसायटी के प्रतिनिधि रमेश पालीवाल द्वारा स्कूल हाइजीन एजुकेशन प्रोग्राम के तहत एमओयू साइन किया।

प्रमुख बिंदु

- टाबर व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुरू होने जा रहा यह एक इंटीग्रेटेड कार्यक्रम है जो पाठ्यक्रम व पाठ्येतर गतिविधियों द्वारा कोविड-19 व अन्य बीमारियों से बच्चों को बचाने व समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने में मील का पत्थर साबित होगा।
- शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने टाबर सोसाइटी और शिक्षा विभाग के बीच हुए एमओयू के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि डेटॉल स्कूल हाइजीन एजुकेशन प्रोग्राम के तहत प्रथम चरण में यह कार्यक्रम टाबर सोसाइटी द्वारा 5 करोड़ 50 लाख की लागत से 2400 राजकीय विद्यालयों में चलाया जाएगा जहाँ बच्चों को खेल व अन्य रोचक गतिविधियों के माध्यम से सफाई का महत्त्व समझाया जाएगा साथ ही शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।
- शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों द्वारा बच्चों को स्वच्छता का अभ्यास करवाया जाएगा तथा स्वच्छता की कमी से होने वाले रोगों के प्रति बच्चों में जागरूकता लाई जाएगी।
- स्वच्छ माहौल से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी तथा स्वच्छता की कमी से विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त होकर ड्रॉपआउट होने वाले बच्चों की संख्या में भी इस कार्यक्रम से कमी आएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-with-tabor-society-for-awareness-of-hygiene-and-cleanliness-among-children